Irregularities in India Tourism Development Corporation

2143. SHRI S. AUSTIN: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether some cases of irregularities by the officials of India Tourism Development Corporation came to the notice of Government during 1993-94 and 1994-95 so far;

(b) if so, the details thereof;

(c) the action taken against the officials found guilty; and

(d) the steps taken to check recurrence of such cases?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): (a) to (c) Cases of irregularities by the officials of ITDC have come to the notice of Government during 1993-94 and 1994-95. These relate to misuse of official position for personal gains, favouritism, doing private business, cheating the customers, irregular drawal of medical claims, non recovery of dues, violation of Foreign Exchange Regulations Act, misuse of public money etc. The cases were examined and wherever investigation has been completed, suitable action has been taken against the officials concerned such as issue of Caution letter, issue of Charge-sheet, Suspension, disciplinary action, recovery of excess amount claimed etc.

(d) Surprise checks/inspections have been increased by Vigilance Department of the ITDC and systems being followed by different departments have been analysed to plug irregularities. The Vigilance cases are also reviewed by the Department of Tourism.

देश में विदेशी एयरलाइनों की विमान सेवाएं शुरू करने की अनुमति देने के लिए मानदण्ड

2144. श्री गोविन्दराव आदिक: क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में विदेशी एयरलाइनों को विमान सेवाएं शुरू करने की अनुमति देने के मामले में सरकार द्वारा क्या मानदण्ड अपनाया जाता है;

(ख) देश में किन-किन देशों की कौन-कौन सी एयरलाइनें सप्ताह में कितनी-कितनी उड़ानें भर रही हैं;

(ग) इनमें से किन-किन स्थानों पर एअर इंडिया और इंडियन एयरलाइन्स भी उड़ानें भर रही हैं;

(घ) क्या यह सच है कि भारतीय विमान सेवायें अपने-अपने हिस्से का पूरा लाभ नहीं उठा रही है;

(ङ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(च) क्या सरकार इस कमी को पूरा करने के लिए कम दूरी के देशों में इंडियन एयरलाइन्स को उड़ानें भरने की अनुमति देगी; और

(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) पर्यटन, यात्रा और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की मांगों को देखते हुए, पारस्परिकता के आधार पर विदेशी एयरलाइनों को यातायात अधिकारों की मंजूरी दी जाती है।

(ख) और (ग) एक विवरण पत्र संलग्न है (नीचे देखिए)

(घ) और (ङ) विमान क्षमता और प्रचालन कर्मीदल की कठिनाइयों तथा कुछ मार्गों पर पर्याप्त यात्रा संभाव्यत: की कमी के कारण इस समय भारतीय वाहक अपनी पात्रताओं का उपयोग नहीं कर रहे हैं।

(च) और (छ) इंडियन एयरलाइन्स पहले से ही नेपाल, श्रीलंका, मालदीव, पाकिस्तान, बंगलादेश, कुवैत, ओमान, यू.ए.ई., सिंगापुर, मलेशिया और थाईलैंड को

विवरण

भारत को विदेशी वाहकों का प्रचालन प्रत्येक दिशा में प्रति सप्ताह आवृत्ति:

	देश	एयरलाइन	आवृत्ति की सं./साप्ताहिक	क्या इन देशों को एअर इंडिया प्रचालन करता है।	क्या इन देशों को इंडियन एयरलाइंस प्रचालन करती है
1	2	3	4	5	6
1.	रूस	एयरोफ्लोत	7	हां	नहीं
2.	कनाडा	एअर कनाडा	5	हां	नहीं
3.	फ्रांस	एअर फ्रांस	6	हां	नहीं

1	2	3	4	5	6
4.	श्रीलंका	एअर लंका	22	नहीं	हां
5.	मालदीव	एअर मालदीव	2	नहीं	हां
6.	मारीशस	एअर मारीशस	3	जेवी पार्टनर	नहीं
7.	उक्रेन	एअर उक्रेन	2	नहीं	नहीं
8.	इटली	अलइटालिया	3	हां	नहीं
9.	दक्षिण यमन	अलेमडा	2	नहीं	नहीं
10.	अफगानिस्तान	इरिना अफगान	8	नहीं	नहीं
11.	बंगलादेश	बोमान बंगलादेश	28	नहीं	हां
12.	यू.के.	ब्रिटिश एअरवेज	14	नहीं	नहीं
13.	हांगकांग	कैथे पैसेफिक	4	हां	नहीं
14.	यू.एस.ए.	डेल्टा	7	हां	नहीं
		टावर एअर	2	हां	नहीं
15.	भूटान	ड्रुक एअर	2	नहीं	नहीं
16.	मिस्र	मिस्र एअर	1	नहीं	नहीं
17.	इजरायल	एल अल	3	नहीं	नहीं
18.	दुबई	अमीरेटस	22	हां	नहीं
19.	इथोपिया	इथापियन एयरलाइन्स	3	नहीं	नहीं
20.	गल्फ	गल्फ एअर	41	हां	हां
21.	ईरान	ईरान एअर	1	नहीं	नहीं
22.	कजाकिस्तान	कजाकिस्तान एयरलाइन्स	2	नहीं	नहीं
23.	केन्या	केन्या एयरवेज	3	नहीं	नहीं
24.	कोरिया	कोरिया एअर	1	नहीं	नहीं
25.	नीदरलैंड	के.एल.एम.	7	नहीं	नहीं
26.	कुवैत	कुवैत एअरवेज	10	हां	हां
27.	जर्मनी	लुफ्तान्सा	13	हां	नहीं
28.	मलेशिया	मलेशियन एयरलाइन्स	8	हां	हां
29.	ओमान	ओमान एअर	5	हां	हां
30.	पाकिस्तान	पाकिस्तान एयरलाइन्स	12	नहीं	हां
31.	कतार	कतार एयरवेज	3	हां	नहीं
32.	जार्डन	रायल जार्डन	4	नहीं	नहीं
33.	नेपाल	रायल नेपाल	17	नहीं	हां
34.	सऊदी अरब	साउदिया	18	हां	नहीं
35.	सिंगापुर	एस.आई.ए.	17	हां	हां
36.	दक्षिण अफ्रीका	दक्षिण अफ्रीकन एयरवेज	2	हां	नहीं
37.	स्विटजरलैंड	स्विस एअर	7	नहीं	नहीं
38.	सिरिया	सिरियन एयरलाइन्स	2	नहीं	नहीं
39.	तजाकिस्तान	तजाकिस्तान इंट.	2	नहीं	नहीं
40.	रोमानिया	तैरम	2	नहीं	नहीं
41.	थाईलैंड	थाई एअरवेज	8	हां	हां
42.	तुर्कमेनिस्तान	तुर्कमेनिस्तान एअरलाइन्स	1	नहीं	नहीं
43.	उजबेकिस्तान	उज. एयरवेज	5	नहीं	नहीं
44.	यमन	यमेनिया	2	नहीं	नहीं

इंडियन एयरलाइन्स में वायुदूत के कर्मचारियों की नियुक्ति

2145. **प्रो. राम बक्ष सिंह वर्मा:** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने वायुदूत के कर्मचारियों को इंडियन एयरलाइन्स में नियुक्त कर लिया है;

(ख) यदि हां, तो इन कर्मचारियों की संख्या क्या है और क्या अब इन कर्मचारियों को इंडियन एयरलाइन्स के कर्मचारियों के समान ही सुविधाएं प्राप्त होंगी; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) सरकार ने वायुदूत के कर्मचारियों के इंडियन एयरलाइन्स और एअर इंडिया में खपाये जाने के लिए मार्गदर्शी सिद्धांत जारी किये हैं. खपाये जाने की प्रक्रिया चल रही है;

(ख) और (ग) वायुदूत के 985 कर्मचारियों को इंडियन एयरलाइन्स के नये बनाए गए शार्ट हाल प्रभाग में